राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक- अर्थशास्त्र(318)
पाठ 20 : आपूर्ति की कीमत लोच
कार्य पत्रक - 20

1. एक फर्म के उत्पाद की कीमत में बदलाव के कारण आए आपूर्ति की मात्रा में बदलाव का विवरण निम्नलिखित है-:

   A. कीमत में परिवर्तन 25% है जबकि आपूर्ति की मात्रा में परिवर्तन 0% है।

   B. कीमत में परिवर्तन 25% है जबकि आपूर्ति की मात्रा में परिवर्तन 50% है।

   C. कीमत में परिवर्तन 25% है जबकि आपूर्ति की मात्रा में परिवर्तन 25% है।

   D. कीमत में परिवर्तन 50% है जबकि आपूर्ति की मात्रा में परिवर्तन 25% है

   E. कीमत में परिवर्तन 0% है जबकि आपूर्ति की मात्रा में परिवर्तन 25% है।

   उपयुक्त जानकारी के आधार पर एक आरेख बनाते हुए आपूर्ति की लोच की डिग्री को दर्शाए।

2. एक वस्तु की कीमत P1 से P2 में बदल जाती है एवं मात्रा Q1 से Q2 मे बदल जाती है। गणना की प्रतिशत विधि का इस्तेमाल करते हुए आपूर्ति की लोच के सूत्र का पता लगाएं।

3. आपूर्ति के लोच की अलग-अलग डिग्रियों को नकारात्मक सीमा, सकारात्मक सीमा और उद्गम स्थल से दर्शाए। व्याख्या करने के लिए आरेख की सहायता ले और साथ ही में सूत्र का भी वर्णन करें।

4. कई बार यह देखा गया है कि सब्जी एवं दूध विक्रेता अपने उत्पादों को सस्ते दामों पर बेचते हैं। अपने दिन प्रतिदिन के अनुभवों द्वारा इस कथन का समर्थन करें और साथ ही उदाहरण भी दे।

5. निम्नलिखित अनुसूची की सहायता से आपूर्ति की लोच की गणना करें। जब कीमत 30 से 40 बढ़ती है तब आपूर्ति की लोच का पता लगाएं।

मूल्य(प्रति किलो)	आपूर्ति की मात्रा (किलो में)
25	100
30	200

35	300
40	400
45	500

6. 10 प्रति इकाई के कीमत पर एक वस्तु के आपूर्ति की मात्रा 400 इकाई है। अगर कीमत 12 प्रति इकाई के हिसाब से बढ़ जाती है एवं आपूर्ति की मात्रा 10% से बढ़ जाती है तो आपूर्ति के कीमत लोच की गणना करें ।

7. उपयुक्त आरेख के आधार पर वक्र A, B,C के लिए आपूर्ति लोच की डिग्रियां बताएं। साथ ही कारणों की व्याख्या करें

8. एक उत्पाद के आपूर्ति की कीमत लोच "एकता" है। एक फर्म 5 प्रति इकाई से इस उत्पाद के 25 इकाइयों की आपूर्ति करता है। अगर उत्पाद का मूल्य 6 प्रति इकाई से बढ़ जाता है, तो फर्म उत्पाद की कितनी इकाइयों की आपूर्ति करेगा?

9. आपको अपने इलाके के स्थानीय मेले में जाने का सुझाव दिया जा रहा है। वहां किसी फर्म के 1 साल के उत्पादन की लागत के बारे में डाटा एकत्रित करें। डाटा का अध्ययन करें एवं एक विस्तृत विवेचना तैयार करें कि किस तरह फर्म द्वारा की गई एक वस्तु के आपूर्ति की मात्रा फर्म के मुनाफे को प्रभावित करता है।

10. एक फर्म ने उत्पादन के विभिन्न कारकों में बदलाव करके अपने उत्पादन के पैमाने को अल्पावधि उत्पादन से दीर्घावधि उत्पादन करने का निर्णय लिया है। उत्पादक अल्पावधि उत्पादन में वस्तु के आपूर्ति की मात्रा में बदलाव नहीं कर पा रहा है जबकि दीर्घावधि उत्पादन में वह वस्तु के आपूर्ति की मात्रा मे अधिक बदलाव कर पा रहा है। बताएं कि समय कारक किस तरह से आपूर्ति की लोच को प्रभावित करता है।